

रांची, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 3 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 16 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर : भविष्य के गंभीर खतरे का संकेत

अभिषेक ने जुहू में 'जलसा' के पास खरीदा नया फ्लैट ◂◂ 6



सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

## का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

20 सितम्बर, 2024







सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 336217 (IPRD)24-25

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024
संवत 2081, आश्विन कृष्ण 3 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 16 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर : भविष्य के गंभीर खतरे का संकेत
अभिषेक ने जुहू में 'जलसा' के पास खरीदा नया फ्लैट ◂◂ 6







## उत्पाद सिपाही दौड़, फिर शुरू हुआ मौत का सिलसिला

# गिरिडीह में एक की मौत छह की तबीयत बिगड़ी

**बहाली में मरने वाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर हुई 16**

मेट्रो रेज

**रांची/गिरिडीह :** उत्पाद सिपाही बहाली में एक और युवक की मौत हो गयी। इस बहाली में मरने वाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर 16 हो गयी। शुक्रवार की सुबह गिरिडीह में उत्पाद सिपाही बहाली में शामिल बिरंची राय की मौत हो गई। वह मूल रूप से राजधनवार का रहने वाला था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बिरंची राय उत्पाद सिपाही की बहाली में शामिल होने आया था। शुक्रवार की सुबह वह दौड़ में शामिल हुआ। दौड़ के दौरान उसने 1800 मीटर पूरा भी कर लिया। इसके बाद उसकी सांस फूलने लगी। तबियत बिगड़ने के बाद प्रशासन ने उसे किसी तरह सदर अस्पताल लाया, यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा दौड़ के शामिल छह युवकों की तबीयत भी बिगड़ी है। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें निमिया घाट के संतोष कुमार, सरिया के राजकुमार सिंह, हजारीबाग के खुशनवाज आलम, पश्चिमी सिंहभूम के धर्मदास, कोडरमा के त्रिभुवन यादव और रामगढ़ के बबलू बेदिया शामिल हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बात की। साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती अभ्यर्थियों से भी मुलाकात की।



## बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने वाली पीआईएल पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित




**रांची :** बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा झारखंड में घुसपैठ कर संथाल परगना इलाके में लैंड जिहाद किये जाने की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है। अदालत मे इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव के समय ही केस क्यों किया जा रहा है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच के लिए अगर एक कमिटी बन जाती है तो हानि क्या है? झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

## लालू यादव की बढ़ी मुश्किलें

## लैंड फॉर जॉब मामले में चलेगा केस गृह मंत्रालय ने सीबीआई को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली है। गृह मंत्रालय ने सीबीआई को लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने यह जानकारी राऊज एवेन्यू कोर्ट में दी है। बता दें सीबीआई ने इस मामले में लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की अनुमति मांगी थी।

इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 सितंबर को नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। उन्हें 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है।

इस मामले में कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। वो एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। इस मामले में तेजप्रताप यादव को भी समन भेजा गया है। कोर्ट ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह, किरण देवी को 7 अक्टूबर को तलब किया है।



## केंद्रीय मंत्री बिट्टू पर एफआईआर दर्ज, मंत्री बोले

## गांधी परिवार ने पंजाब को जलाया, संसद में भी राहुल गांधी को बोलूंगा आतंकी




एजेंसी

**अगरतला :** राहुल गांधी को आतंकी कहे जाने को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी ने इसकी शिकायत की थी। इसके अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य के कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और आरोपी नेताओं के पुतले जलाए। बिट्टू पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) (झूठी जानकारी या अफवाह फैलाना), 192 (दंगा भड़काने की कोशिश) और 196 (धर्म और जाति के आधार पर नफरत फैलाना) के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं अपने बयान पर माफी नहीं मागूंगा, बल्कि संसद में भी बोलूंगा कि गांधी परिवार ने पंजाब जलाया। हमने पंजाब में अपनी कई पीढ़ियां खोई हैं। बता दें कि बिट्टू ने 15 सितंबर को कहा था कि राहुल गांधी देश के नंबर-1 आतंकवादी हैं। उनको पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

## राष्ट्रपति ने किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने पर दिया जोर, बोलीं

# आज भी गरीबी में जी रहे किसान

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईसीएआर-एनआईएसए के शताब्दी कार्यक्रम में लिया भाग**

मेट्रो रेज

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईसीएआर- एनआईएसए के शताब्दी समारोह में बोलते हुए कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मधुमक्खी और पशुपालन पर भी जोर दिया और बोला कि इससे छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंच पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन,केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ , कृषि मंत्री दिपिका सिंह पांडेय भी मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पौधरोपण किया।

**कोल्ड स्टेरेज बनाने पर दिया जोर:** राष्ट्रपति ने कहा कि जो सब्जी उत्पादन करते हैं लेकिन उसके बाद सब्जी खराब हो जाती है। इस लिए अधिकारियों से निवेदन है कि कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जाए। आज का दौर विश्व रुपी का है परंतु दुष्परिणाम से बचना है। अभी भी कई क्षेत्र है जहां हम आगे जा सकते हैं।




### झारखंड से है विशेष लगाव : द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के जयकारे के साथ की। उन्होंने कहा कि झारखंड से उनका विशेष लगाव है। 2017 में इस संस्थान के साथ मिलकर कृषि मेले का उद्घाटन किया था। संस्थान ने लाख, रेजिन जैसे कई उत्पादों में विशेष योगदान दिया। लाख के उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित करने का मौका मिला।

**सप्लाई चेन बेहतर करने से मिलेगा किसानों को बेहतर मूल्य:** राष्ट्रपति ने कहा कि सप्लाई चेन, बाजार की व्यवस्था करने से किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है। कृषि के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण की व्यवस्था की है। पीएम किसान निधि से लाभ दिया जा रहा है।

### अपने राज्यपाल के कार्यकाल को किया याद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने राज्यपाल के दिनों को याद करते हुए बोला कि जब मैं पलामू गई थी तो वहां मुझे बताया गया कि पलाश ,लाख एवं महुवा के नाम पर पलामू का काम रखा गया है। लाख का 55 प्रतिशत उत्पादन होता है जो जनजातीय समुदाय के द्वारा जाता है। लाख आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाता है। जीवन यापन को सुधारने में लाभकारी है। किसानों एवं उद्यमियों के समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है।

### पशुपालन से होगा छोटे किसानों को लाभ

उन्होंने कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं। उन्होंने मधुमक्खी, पशुपालन से विकास, गांवों में छोटे उद्योगों से किसानों को लाभ होगा। कई वेस्ट चीजें फेंक देते हैं जिससे भी हम प्रसंस्करण कर लाभ ले सकते हैं। देश के साथ विदेशों में भी कृषि उत्पादन में पैंठ होनी चाहिए। संस्थान को अन्य संस्थानों से मिलकर काम करना चाहिए।

# अटॉर्नी जनरल से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- सिफारिश के बाद भी क्यों नहीं हुई हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति?

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से उन नामों के संबंध में जानकारी मांगी है जिनके नामों की कॉलेजियम ने उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीश पदों के लिए सिफारिशें की हैं और जिन पर विचार नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से उन नामों की सूची बनाने को कहा जिनके नाम की सिफारिशें की गईं, उनसे यह बताने को कहा गया कि इन नामों पर मंजूरी क्यों एवं किस स्तर पर लंबित है। जजमेंट के अनुसार कॉलेजियम द्वारा बार-बार की गई सिफारिश केंद्र सरकार के लिए बाध्यकारी है। हालांकि, कई बार दोहराए गए नाम केंद्र के पास महीनों से लंबित हैं।



भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र को कॉलेजियम के प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से मंजूरी देने के निर्देश देने की मांग की गई थी। झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में देरी को लेकर झारखंड राज्य द्वारा केंद्र के खिलाफ दायर अवमानना ??याचिका भी आज सूचीबद्ध की गई थी। एजी आर वेंकटरमणि ने वर्चुअल रूप से पेश होकर, यह कहते हुए स्थगन का अनुरोध किया कि वह अस्वस्थ हैं। पीठ ने मामले को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने पर सहमति जताते हुए झारखंड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि इस बीच मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियां होने की संभावना है। सीजेआई ने कहा कि कुछ नियुक्तियां पाइपलाइन में हैं, हमें उम्मीद है कि वे नियुक्तियां जल्द ही होंगी।

केंद्र सरकार ने कहा कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों के बारे में अगले हफ्ते जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अटॉर्नी जनरल के आवेदन पर पीठ ने कहा कि स्थगन के लिए दलीलें शुक्रवार को दी जा सकती हैं, क्योंकि ये मामला पहले से ही विचाराधीन है। केंद्र सरकार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने 11 जुलाई, 2024 को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के नामों की सिफारिश की थी जिनमें दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख, केरल, मध्य प्रदेश, मद्रास और मेघालय के हाई कोर्ट शामिल थे।

## सुप्रीम कोर्ट का यू-ट्यूब चैनल हैक,अपलोड किया क्रिप्टोकरेंसी का वीडियो

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक कर लिया गया है। खबरों के मुताबिक इसमें यूएस स्थित कंपनी रिपल लैब्स की क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा देने वाले वीडियो चलाए गए हैं। हैक किए गए चैनल पर एक वीडियो की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। इस वीडियो में शीर्षक है, ब्रैड गार्लिंगहाउस रिपल ने एसईसी के 2 बिलियन डॉलर के जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी! एक्सआरपी मूल्य भविष्यवाणी। सुप्रीम कोर्ट संविधान पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की लाइव सुनवाई को स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग करता है। 2018 में तत्कालीन उखकयूयू ललित की अध्यक्षता में कोर्ट द्वारा सर्वसम्मति से फैसले में शीर्ष अदालत ने 2018 में सभी संविधान पीठ की सुनवाई की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम करने का फैसला किया था।

**तिरूपति लड्डू केस**

## लैब की रिपोर्ट आने के बाद फूटा सीएम नायडू का गुस्सा, बोले-किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व प्रसिद्ध तिरुपति के लड्डू में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल करने पर सियासत गरमा गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पिछली सरकार पर आरोप लगाए कि वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने दावा किया कि लैब रिपोर्ट ने भी इस बात की पुष्टि की है कि लड्डू में मिलावट की गई थी। लैब रिपोर्ट सामने आने के बाद टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने कहा, गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को परीक्षण के लिए भेजे गए नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रमाणित करती है कि घी की तैयारी में गोमांस की चर्बी, पशु वसा, चरबी और मछली के तेल का उपयोग किया गया था, जो तिरुमाला को आपूर्ति की गई थी।

अब लैब की रिपोर्ट आने के बाद उट नायडू ने प्रतिक्रिया दी। उे ने कहा कि इस अनियमियता में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने कहा कि मुझे जो लैब रिपोर्ट मिली है, उससे स्पष्ट है कि प्रसाद की गुणवत्ता के साथ समझौता किया गया, उसमें अपवित्र वस्तुओं की मिलावट की बात सामने आई है। इन सबके लिए जिम्मेदार कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हो गई है। कुछ लोगों को काम से हटा भी दिया गया है।

## सुविचार

**काम करो ऐसा की एक पहचान बन जाये**
**हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाए**

## सुप्रीम कोर्ट में ड्रेस कोड चाहिए पर स्कूल में ...!

**सुप्रीम कोर्ट** ने हाल ही में देशभर के वकीलों के लिए गर्मी के मौसम में ड्रेस कोड में ढील देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में सुझाव दिया गया था कि वकील गर्मी के कारण पारंपरिक गाउन पहनने में असुविधा महसूस कर रहे हैं, किंतु सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने जब इस याचिका को सुना तब साफ कह दिया कि पेशेवर शिष्टाचार बनाए रखना आवश्यक है। अलग-अलग स्थानों पर जलवायु के अनुसार वकीलों को पेशेवर रूप से व्यवहार करना चाहिए। वकील कुर्ता-पायजामा या शॉर्ट्स-टी-शर्ट पहन कर बहस नहीं कर सकते। वकीलों को यह समझना चाहिए कि उनकी वेशभूषा उनके पेशेवर आचरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका मतलब यह है कि अदालतें वकीलों के लिए निश्चित स्तर की पेशेवरता की अपेक्षा करती हैं, जिससे अदालत की गरिमा बनी रहे। आप कह सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि वकीलों के लिए पेशेवरता और गरिमा का पालन आवश्यक है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत चित्रण को दशार्ता है, बल्कि यह अदालत की छवि और उसकी गंभीरता को भी बनाए रखता है। अब उच्चतम न्यायालय के आए इस निर्णय की तुलना कोर्ट के पिछले माह दिए गए निर्णय से करते हैं, बात वहां भी ड्रेस कोड की ही थी, किंतु यही माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के निर्णय ने जैसे एक समाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया था। कहना होगा कि नौ अगस्त को आए एक निर्णय में आज फिर से एक बार उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विचार करने के लिए विवश कर दिया है। पूरी कहानी कुछ यूं है कि मुंबई के एन. जी. आचार्य और डी. के. मराठे कॉलेज ने कैंपस में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल और टोपी पहनने पर बैन लगाया था। इस निर्णय के विरोध में नौ लड़कियां बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंची। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में कॉलेज सर्कुलर लागू करने पर 18 नवंबर तक रोक लगा दी।

यहां जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ का कहना रहा, 'स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, यह वही तय करेंगे। एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट्स पर अपनी पसंद नहीं थोप सकते।' पीठ ने मुस्लिम छात्रों के लिए 'ड्रेस कोड' को लेकर जन्में नए विवाद के केंद्र में आए कॉलेज प्रशासन से कहा, 'छात्राओं को यह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्या पहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकता यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं।'' अगर कॉलेज का इरादा छात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोक लगाना था, तो उसने 'तिलक' और 'बिंदी' पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया? अब जरा उस सर्कुलर को भी देख लेते हैं, जो कॉलेज की ओर से जारी किया गया था, वस्तुतः इसमें तीन बिन्दुओं में बात रखी गई है- 'एक- छात्रों को परिसर में औपचारिक और सभ्य पोशाक पहननी चाहिए। वे हाफ शर्ट या फुल शर्ट और ट्राउजर पहन सकते हैं। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं। छात्रों को ऐसा कोई भी परिधान नहीं पहनना चाहिए जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दशार्ता हो। नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी, बैज आदि को ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम में जाकर उतारना होगा और उसके बाद ही वे पूरे कॉलेज परिसर में घूम सकते हैं। जींस, टी-शर्ट, रिवीलिंग ड्रेस और जर्सी की अनुमति नहीं है। दो- अपने व्याख्यान / प्रैक्टिकल के लिए समय से पहले पहुंचें। तीन- 75% उपस्थिति अनिवार्य है। शिक्षा में अनुशासन सफलता की कुंजी है।'यहां गहराई से देखने पर कहीं प्रतीत नहीं हो रहा है कि एक विशेष समुदाय को टार्गेट करके यह आदेश महाविद्यालयों ने निकाला था। हालांकि हम मानकर चलते हैं कि जिस 'बिंदी' का न्यायालय हवाला दे रहा था, उसके बारे में न्यायालय को भलीभांति पता ही होगा कि सिर्फ हिन्दू युवतियां ही 'बिंदी' नहीं लगातीं, उसे तो अन्य तमाम मत, पंथों, रिलीजन, मजहब को माननेवाली महिलाएं भी लगाती हैं। यानी बिंदी की सार्वजनिक स्वीकृति है। तिलक भी बिंदी की तरह ही एक भाग है, फिर कोर्ट को यह भी पता ही है कि सिख पगड़ी पहनते हैं, उन्हें ये अधिकार सार्वजनिक रूप से हर जगह सामाजिक स्वीकृति के तहत पूरी तरह से मान्य किया गया है। फिर यह स्वीकार्यता इसलिए भी है क्योंकि भारत की सिख आबादी 20.8 मिलियन है, जो देश की कुल संख्या का केवल 1.72% है। इसका अर्थ है कि एक कक्षा में एक छात्र या अधिकतम दो ही मुश्किल से सिख होंगे, किंतु क्या यह मुसलमानों पर लागू होता है। वह तो देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350ए तथा 350बी में 'अल्पसंख्यक' शब्द का प्रयोग किया गया है लेकिन इसकी परिभाषा कहीं नहीं दी गई है। यह विडंबनापूर्ण स्थिति है कि कहीं पर कोई समुदाय जो 96, 98 प्रतिशत है वह अल्पसंख्यक है और वहीं, किसी राज्य में 2 प्रतिशत आबादी वाले लोग बहुसंख्यक हैं और अल्पसंख्यक को मिलने वाले लाभ से वंचित हैं। संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार, 'ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा।' किंतु क्या यह परिभाषा भारत में रह रहे मुसलमानों पर लागू होती है ? अल्पसंख्यक की अब तक कि परिभाषाएं उठाकर देखें, इनमें साफ है कि दो प्रतिशत या अधिकतम 10 प्रतिशत से कम कुल जनसंख्या का अल्पसंख्यक समुदाय कहलाएगा, पर भारत में मुसलमान जैसा कि वे स्वयं कहते हैं कि 20 करोड़ से अधिक हैं, जोकि स्वभाविक तौर पर कुल जनसंख्या का 14 प्रतिशत या इससे कुछ अधिक हो जाता है।

दूसरी ओर राज्यीय स्तर पर भी इसकी समीक्षा की जाए तो हिंदू जो राष्ट्रव्यापी आंकड़ों के अनुसार एक बहुसंख्यक समुदाय है, पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों और जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यक है। लक्षद्वीप में 96.20% और जम्मू-कश्मीर में 68.30% मुसलमान हैं, जबकि असम (34.20%), पश्चिम बंगाल (27.5%), केरल (26.60%), उत्तर प्रदेश (19.30%) और बिहार (18%) में भी इनकी अच्छी-खासी जनसंख्या है फिर भी इन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा मिला हुआ है और वे इसका लाभ ले रहे हैं। दूसरी ओर वे समुदाय, जो वास्तविक रूप से अल्पसंख्यक हैं, राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त न होने के कारण लाभ से वंचित हैं। विडम-?बना देखिए, लक्षद्वीप में मात्र दो प्रतिशत हिंदू हैं लेकिन वे वहाँ अल्पसंख्यक न होकर बहुसंख्यक हैं और 96% प्रतिशत आबादी वाले मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। ईसाई मिजोरम, मेघालय, नगालैंड में बहुसंख्यक हैं जबकि अरुणाचल प्रदेश, गोवा, केरल, मणिपुर, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल मे भी इनकी संख्या अच्छी है, इसके बावजूद ये अल्पसंख्यक माने जाते हैं। यह गैर-बराबरी है। इसे एड्रेस किये जाने की जरूरत है। किंतु हर उस मुद्दे में जिसमें न-?यायालय को लगता है हस्तक्षेप करना चाहिए वह करती है, पर यहां इस मुद्दे पर वह अभी तक चुप नजर है। यहां माननीय न्यायालय को भी समझना होगा कि उनका दिया गया निर्णय कानूनी स्तर पर ही नहीं तर्क सम्मत भी होना चाहिए। आप सोचिए, यदि किसी भी कक्षा में अकेले मुसलमान जोकि देश में आज के समय में 100 में 20 या इससे अधिक अलग-अलग राज्यों के हिसाब से कहीं-कहीं तो 96 और 68 प्रतिशत तक हैं, वह अपने मजहबी परिधान पहन कर कक्षा में पहुंचेंगे तो कक्षा की स्थिति क्या होगी, क्या यह कक्षा किसी पंथ निरपेक्ष श्रेणी में आएगी?

# इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर : भविष्य के गंभीर खतरे का संकेत

> ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्लाह व हमास पहले ही इस तरह की घटना के प्रति सचेत था। उसे शक था कि सेलफोन के माध्यम से इस तरह की घटना के साथ ही हमास की गतिविधियों की जासूसी संभव है। ऐसे में हमास ने अपने प्रमुख समर्थकों को पेजर का उपयोग करने की ही सलाह दी डुई थी। पिछले दिनों ही ताइवान से 5000 पेजर मंगवाये गये थे। वॉकी-टॉकी भी लगभग पांच माह पहले खरीदे गये थे।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

लेबनान की राजधानी बेरूत में एक दिन पहले पेजर और उसके बाद वॉकी-टॉकी व सोलर सिस्टम में विस्फोट से दर्जनों मौत और हजारों की संख्या में लोगों के घायल होने के बाद साफ हो गया है कि दुनिया के किसी भी कोने का कोई भी व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस करता हो तो यह उसकी गलतफहमी है। दरअसल, लेबनान की घटना में विरोधियों से बदला लेने का नया हथियार सामने आ गया है। खतरा यह है कि दुश्मन से बदला लेने का साधन न होकर यह आतंक का नया हथियार भी हो सकता। दुनिया में आतंकवादी गतिविधियों को इससे बढ़ावा मिलेगा। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर का यह नया अंदाज अपने आप में गंभीर और अत्यधिक चिंताजनक हो गया है। इसके दुरुपयोग की आशंकाएं बहुत अधिक हैं। कभी संवाद का माध्यम रहे पेजर का युद्ध के नए हथियार के रूप में सामने आना चिंताजनक होने के साथ भविष्य में नए तरीके के युद्ध का संकेत बनकर सामने आया है। लेबनान में हजारों पेजरों, वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में विस्फोट से यह साफ हो गया कि इलेक्ट्रोनिक डिवाइसों का उपयोग विनाश, आतंक फैलाने या इसी तरह की दूसरी गतिविधियों के लिए भी किया जा सकता है। लेबनान में एक साथ हजारों की संख्या में पेजरों में विस्फोट को लेकर आशंकाओं का बाजार गर्म है। यह एक तरह का साइबर अटैक कहा जा सकता है पर अभी आरंभिक स्थिति है ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि या तो डिवाइस को हैक करके यह कार्रवाई की गई है या फिर पेजर जहां से खरीदे गए हैं वहां से ही इसमें कोई विस्फोटक प्लांट किया गया है। जिसका परिणाम मौत और हताहतों के रूप में सामने आ रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक की मौत की शुरूआती जानकारी के साथ 3 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के समाचार है। ईरानी राजदूत सहित करीब 500 लोगों को आंख गवानी पड़ी है। जानकारों के अनुसार एक तरह से इसे इलेक्ट्रोनिक वॉरफायर भी कहा जा सकता है। हालांकि इस घटना के लिए इजरायल पर निशाना साधा जा रहा है, वहीं पेजर सप्लाई करने वाली ताइवान की कंपनी भी शक के दायरे में है। लगभग यही स्थिति वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम के विस्फोट को लेकर है।

ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्लाह व हमास पहले ही इस तरह की घटना के प्रति सचेत था। उसे शक था कि सेलफोन के माध्यम से इस तरह की घटना के साथ ही हमास की गतिविधियों की जासूसी संभव है। ऐसे में हमास ने अपने प्रमुख समर्थकों को पेजर का उपयोग करने की ही सलाह दी डुई थी। पिछले दिनों ही ताइवान से 5000 पेजर मंगवाये गये थे। वॉकी-टॉकी भी लगभग पांच माह पहले खरीदे गये थे। यह कयास लगाया जा रहा है कि पेजर सप्लाई करने से पहले उसमें कोई इस तरह की चिप लगा दी गई थी जो एक निश्चित तापमान पर आते ही विस्फोट हो जाए। दूसरी ओर यह भी कयास है कि पेजर को हैक करके बैटरी का तापमान बढ़ा कर विस्फोट किया गया हो। लगभग यही कुछ वॉकी-टॉकी व सोलर सिस्टम को लेकर है।

हालांकि ताईवान की पेजर निमार्ता कंपनी के सू चिंग कुआंग ने पेजर में पहले से कोई विस्फोटक इंप्लांट होने की बात को सिरे से खारिज किया है। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर की आशंकाओं को इससे समझा जा सकता है कि हिज्जबुलाह नेता हसन नसरुल्लाह ने सेलफोन के उपयोग ना करने के लिए अपने समर्थकों को सतर्क कर रख था। यही कारण था संगठन के बीच संवाद का माध्यम पेजर ही था। लेबनान के लोग अभी तक यह नहीं भूले हैं कि 6 मार्च, 1966 को हमास नेता याह्या अब्बास को फोन कॉल विस्फोट कर उड़ा दिया था। सवाल यह नहीं है कि इन विस्फोटों से कितने लोग मरे या हताहत हुए, सवाल यह भी नहीं है कि इसके लिए निमार्ता कंपनियां दोषी है या हैक करने वाले, सवाल यह है कि आर्थिक उदारीकरण के दौरान दुनिया सिमट के रह गई है। अधिकांश जरूरत की चीजों में चिप का इस्तेमाल आम है। इलेक्ट्रोनिक्स और इलेक्ट्रिकल क्रांति के इस युग में देखा जाए तो फिर कुछ भी सुरक्षित नहीं है। पेजर, वॉकी-टॉकी या सोलर सिस्टम तो बहाना है। क्या गरीब और क्या अमीर सभी के पास एंड्रोइड मोबाइल व अन्य उत्पाद आम है। कंम्प्यूटर, टेबलेट्स, नोटबुक, लैपटॉप आदि का उपयोग आम है और इनको हैक किया जाना तो आसान है। पिछले दिनों जिस तरह से माइक्रोसॉफ्ट को चंद समय के लिए हैक कर दिया गया था या सोशल मीडिया साइट वाट्सएप आदि को हैक कर भले ही कुछ समय के लिए ही हो पर हैंकरों ने अपनी ताकत दिखा दी। हालात यह है कि अब तो लक्जरी गाड़ियों में डिवाइस का उपयोग होने लगा है। इसी तरह से घर में दैनिक उपयोग के एसी, फ्रिज, इंडक्शन अन्य उत्पाद आदि जिस जिस में भी डिवाइस लगी होती है उसमें सिस्टम में कुछ भी गलत कर सप्लाई करने और कभी भी दुरुपयोग करने की आशंकाओं को नकारा नहीं जा सकता है।

डिजिटल अरेस्ट, साइबर क्राइम आदि जब आज आम होता जा रहा है तो इलेक्ट्रोनिक वारफेयर तो नए जमाने का नया संकट है। ऐसे में किसी भी सिरफिरे व्यक्ति या आतंकी या देश द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने की आशंकाएं बढ़ गई। यह अपने आपमें मानवता के लिए नया संकट हो गया है। समय रहते इसकी काट बनानी होगी नहीं तो किसी के पागलपन का शिकार निर्दोष लोगों को भी होना पड़ सकता है। यह कोई लेबनान की समस्या नहीं है, ना ही यह पेजर, वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में ब्लास्ट तक सीमित है। सिरियल बम विस्फोट से भी अधिक गंभीर है इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर। जब दुनिया के किसी कोने में बैठा खुरापाती किसी भी कम्प्यूटर, लेपटॉप आदि को हैक कर नुकसान पहुंचा सकता है। क्योंकि जिस तरह हमारी निर्भरता इलेक्ट्रोनिक उत्पादों पर लगातार बढ़ती जा रही है, उसी तरह से विनाश की आशंकाएं बढ़ती जा रही हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

> निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया।

**योगेन्द्र योगी**

देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों अभी तक राष्ट्रपति



की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन उत्पीड? के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। इस बिल में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। बीते महीने लागू हुए बीएनएस की धारा-64 में बलात्कार के लिए 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। वहीं बीएनएस की धारा-66 में बलात्कार और हत्या और ऐसे बलात्कार, जिनमें पीड़ित निष्क्रिय हो जाती है, उनमें मौत की सजा का प्रावधान है। इसमें 20 साल की जेल की या उम्र कैद की सजा का भी प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि निर्भया कांड के बाद कानून को बहुत सख्त कर दिया गया था। रेप की परिभाषा भी बदल दी थी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी लाई जा सके। पहले जबरदस्ती या असहमति से बनाए गए संबंधों को ही रेप के दायरे में लाया जाता था। लेकिन इसके बाद 2013 में कानून में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाया गया। इतना ही नहीं, जुवेनाइल कानून में संशोधन किया गया था। इसके बाद अगर कोई 16 साल और 18 साल से कम उम्र का कोई किशोर जघन्य अपराध करता है तो उसके साथ वयस्क की तरह ही बर्ताव किया जाएगा। हालांकि, इन सबके बावजूद सुधार नहीं हुआ है। निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई। पीड़िता की शिकायत के बावजूद, पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। हैदराबाद में एक महिला वेटरनरी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने व्यापक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। अपराधियों को पकड? के लिए पुलिस ने कार्रवाई की, और बाद में आरोपी एनकाउंटर में मारे गए, जिसने विवाद और बहस को जन्म दिया। मणिपुर में एक महिला के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने हाल ही में बहुत ध्यान खींचा। इस मामले ने स्थानीय हिंसा और सामाजिक अस्थिरता को भी उजागर किया। साल 2013 में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड बनाया, जिसका मकसद राज्यों को महिलाओं की सुरक्षा को पुख्ता करना था। मगर, इसका अभी पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड की 9 हजार करोड़ रुपये की धनराशि का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा भी सही से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड बनने से लेकर 2021-22 तक, कोष के तहत कुल आवंटन 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है, जिसमें से 4,200 करोड़ रुपये का ही अब तक इस्तेमाल हो पाया है। गौरतलब है कि भारत में हर घंटे 3 महिलाएं रेप का शिकार होती हैं, यानी हर 20 मिनट में बलात्कार की एक घटना। देश में रेप के मामलों में 96 प्रतिशत से ज्यादा आरोपी महिला को जानने वाले होते हैं। रेप के मामलों में 100 में से 27 आरोपियों को ही सजा होती है, बाकी बरी हो जाते हैं। ये तीन आंकड़े बताते हैं कि सख्त कानून होने के बावजूद हमारे देश में रेप के मामलों में न तो कमी आ रही है और न ही सजा की दर यानी कन्विक्शन रेट बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि भारत में सालभर में महिलाओं के खिलाफ अपराध के चार लाख से ज्यादा अपराध दर्ज किए जाते हैं। इन अपराधों में सिर्फ रेप ही नहीं, बल्कि छेड़छाड़, दहेज हत्या, किडनैपिंग, ट्रैफिकिंग, एसिड अटैक जैसे अपराध भी शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2012 से पहले हर साल रेप के औसतन 25 हजार मामले दर्ज किए जाते थे। लेकिन इसके बाद ये आंकड़ा 30 हजार के ऊपर पहुंच गया। 2013 में ही 33 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे। 2016 में तो आंकड़ा 39 हजार के करीब पहुंच गया था। साल 2022 में औसतन हर दिन करीब रेप के 87 मामले दर्ज किए गए। इसी साल 248 रेप या गैंगरेप के साथ हत्या। 31,516 रेप, 3,288 रेप के प्रयास और 83,344 मामले महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए हमले के दर्ज किए गए। इन आकंड़ों से जाहिर है कि निर्भया कांड के बाद भी देश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की तस्वीर नहीं बदली है। दरअसल नेताओं और सरकारों के इरादों में कमी है।

## महाबली सिंधु के अत्याचारों से मुक्त कराया था भगवान मयूरेश्वर ने

**धर्म-अध्यात्म**

त्रेता में भगवान गणेश ने मयूरेश्वर नाम से अवतार ग्रहण कर अनेक लीलाएं कीं और महाबली सिन्धु के अत्याचारों से सबको मुक्त किया। कठोर तपस्या एवं सूर्य की आराधना से वर पाकर सिन्धु अत्यन्त मदोन्मत्त हो गया। उसकी सेना में असुरों का प्राबल्य हो गया था, जिससे न्याय और सत्य धर्म के मार्ग पर चलने वालों को वह पीड़ित करने लगा। अकारण नर नारियों, अनाथ, अबोध, छोटे शिशुओं की हत्या करने पर वह गर्व का अनुभव करता। पृथ्वी पर रक्त की सरिता बहने लगी। वह पाताल में गया और वहां उसने अपना आधिपत्य जमा लिया। ससैन्य स्वर्ग लोक में चढ़ाई कर वहां शचीपति इन्द्रादि देवताओं को पराभूतकर उसने स्वर्ग में अपना दानवी शासन फैला दिया। सर्वत्र हाहाकार मच गया।इस भयंकर कष्ट से मुक्ति पाने के लिए देवताओं ने अपने गुरु बृहस्पति की शरण ली। उन्होंने पूजा से शीघ्र प्रसन्न होने वाले, परमाराध्य विनायक के संकष्टी चतुर्थी व्रत का अनुष्ठान बतलाया तथा उनका स्मरण करने के लिए निर्देश दिया। देवताओं ने वैसा ही किया। परमप्रभु विनायक प्रकट हुए। सभी देवगणों ने उनकी प्रार्थना की। परमप्रभु गणेश शिव प्रिया माता पार्वती के यहां अवतरित होकर पृथ्वी का भार उतारने का वचन देकर अन्तर्धान हो गये। माता पार्वती भी परमप्रभु गणेश का दर्शन प्राप्त करने के लिए भगवान शंकर से उपदिष्ट एकाक्षरी गणेश मन्त्र (ग) का जप करने लगीं।कुछ ही समय बाद भाद्रपद मास की शुक्ला चतुर्थी तिथि आयी। सभी ग्रह नक्षत्रों के शुभस्थ एवं अच्छे मंगलमय योग में विराट रूप में पार्वती के सम्मुख भगवान श्रीगणेश का अवतरण हुआ। माता पार्वती बोलीं- प्रभो! मुझे अपने पुत्र रूप का दर्शन कराइए। सर्वसमर्थ के लिए सब कुछ सम्भव है। तत्काल स्फटिक मणितुल्य षड्भुज शिशु क्रीड़ा करने लगा। उनके शरीर की शोभा कांति अद्भुत लाव.य एवं दीप्ति से सम्पन्न थी। उनका वक्ष स्थल विशाल था। उनके चरण कमलों से छत्र, अंकुश और ऊर्ध्व-रेखा युक्त कमल आदि शुभ चिन्ह थे। उनका नाम मयूरेश पड़ा। मयूरेश के आविर्भाव से ही प्रकृति में सर्वत्र एक दिव्य आनन्द की अनुभूति होने लगी। आकाश से देवता सुमन वृष्टि करने लगे। ऋषियों के आश्रम में आनन्द की लहर दौड़ गयी।

## सेहत

### बदलते मौसम में इम्यूनिटी बढ़ाना जरूरी

बरसात के मौसम के बाद ठंड आने की शुरूआत हो जाती है। बदलते मौसम में शरीर एडजस्ट होने में थोड़ा समय लेता है। इस सीजन में हम सभी बीमार पड़ जाते हैं। बदलते मौसम में खुद को स्वस्थ रखने के लिए सही खानपान बनाए रखना जरुरी है। इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ फूड के बारे में जानकारी दे रही हैं जिससे आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है और संक्रमण से लड़ने के लिए सक्षम बना रहता है। स्प्राउट्स प्रक्रिया ही विटामिन और खनिजों को बढ़ाती है। नतीजतन, स्प्राउट्स मैग्नीशियम, फास्फोरस, मैंगनीज और विटामिन के से भरपूर होते हैं। यह स्प्राउट्स में एंटीऑक्सीडेंट भी बढ़ाता है। तांबा, आयरन और जिंक जैसे एंटीऑक्सीडेंट बीमारियों और बैक्टीरिया के खिलाफ शरीर की सुरक्षा में सुधार करने के लिए जाने जाते हैं। – हमारा शरीर अपने आप विटामिन सी का उत्पादन नहीं करता है, और इसलिए यह अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें जो विटामिन सी (संतरा/आंवला/ बेल मिर्च/टमाटर/क्रूसिफेरस सब्जियां) से भरपूर हों, खासकर मौसम के बदलाव के दौरान। – किण्वित प्रोबायोटिक्स और दही जैसे प्राकृतिक स्रोतों में 'अच्छे बैक्टीरिया' स्वाभाविक रूप से आपकी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, जिससे इस फ्लू के मौसम में सुरक्षित रहने की आपकी क्षमता में सुधार होता है।

**डॉ. अमित अग्रवाल, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com




# 'सिंघम-3' में चुलबुल पांडे की एंट्री दीपिका 'लेडी सिंघम' के किरदार में नजर आएंगी

**बॉलीवुड एक्टर** अजय देवगन जल्द ही फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बाजीराव सिंघम के रूप में अजय की यादगार भूमिका को 10 साल हो गए हैं। अब उनकी फिल्म 'सिंघम-3' आ रही है। रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की फिल्म 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' में गेस्ट स्टार के तौर पर नजर आईं। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। 'सिंघम-3' की स्टारकास्ट की बात करें तो दीपिका पादुकोण 'लेडी सिंघम' के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वह रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में एंट्री लेंगी। इस फिल्म में करीना कपूर, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ भी नजर आएंगे। अब इस फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान 'सिंघम-3' में गेस्ट अपीयरेंस देंगे। रोहित शेट्टी की फ्रेंचाइजी में सलमान उनकी 'दबंग' फ्रेंचाइजी के सुपरहिट पुलिस वाले चुलबुल पांडे की भूमिका में नजर आएंगे। 'दबंग' फ्रेंचाइजी में सलमान चुलबुल पांडे की भूमिका में नजर आएंगे। दरअसल उनकी दोनों फिल्मों 'दबंग' और 'दबंग-2' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। हालांकि, पहली दो फिल्मों की तुलना में तीसरे पार्ट को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला। रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' में दर्शकों को एक बार फिर चुलबुल पांडे का एक अलग रूप देखने को मिलेगा।रिपोर्ट के एक सूत्र के मुताबिक, रोहित शेट्टी ने सलमान को स्पेशल गेस्ट अपीयरेंस के लिए चुना है। रोहित की रिक्वेस्ट को सलमान दिल दे बैठे और उन्होंने इस रोल के लिए एक रुपया भी नहीं लिया गया। 'सिंघम-3' के मेकर्स ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट नहीं टाली है। ये फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने जा रही है।

# अभिषेक ने जुहू में 'जलसा' के पास खरीदा नया फ्लैट



**पिछले** कुछ दिनों से अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या के बीच मनमुटाव की चर्चा है। वह आजकल ऐश्वर्या और आराध्या के साथ भी नजर नहीं आते हैं। अब अभिषेक को लेकर खबर है कि उन्होंने मुंबई के जुहू इलाके में एक फ्लैट खरीदा है। दिलचस्प बात यह है कि यह फ्लैट अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' के पास है। बच्चन परिवार के पास जुहू में 5 बंगले और आलीशान फ्लैट हैं। कई संपत्तियों का मालिक एक ही बिल्डर है, जो अमिताभ का प्रशंसक है। अभिषेक को हाल ही में जुहू में एक और फ्लैट मिला है। ये फ्लैट उनके अपने जलसा बंगले के पास है, लेकिन उन्होंने ये अपार्टमेंट किसी दूसरे बिल्डर से लिया है। अभिषेक का यह फ्लैट बेहद आलीशान है और यहां से समुद्र तट का नजारा भी दिखता है। इस अपार्टमेंट में सिर्फ अभिषेक ही नहीं, बल्कि अभिनेता अक्षय कुमार ने भी फ्लैट लिया है। अभिषेक बच्चन ने दो महीने पहले ओबेरॉय रियल्टी के प्रोजेक्ट में 6 अपार्टमेंट खरीदे थे। इस प्रॉपर्टी पर 15.42 करोड़ रुपये खर्च हुए। अब वह एक और संपत्ति हासिल कर फिर से सुर्खियों में हैं।

## विक्रांत मैसी की 'द साबरमती रिपोर्ट' 15 नवंबर को होगी रिलीज

'द साबरमती रिपोर्ट' के दमदार टीजर ने 27 फरवरी, 2002 को गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस पर हुई घटना की एक झलक दिखाई है। ये फिल्म विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' के बाद, पहली थिएटर आउटिंग है। जैसे 12वीं फेल एक असल कहानी पर आधारित थी, वैसे ही द साबरमती रिपोर्ट भी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म के लिए बढ़ते उत्साह के साथ, मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होने वाली है। विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा स्टारर द साबरमती रिपोर्ट की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म साबरमती एक्सप्रेस हादसे के बारे में 22 साल से छिपी हुई जानकारियों को सामने लाएगी, इसलिए इसने कई नई चचाओं को जन्म दिया है। लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि फिल्म किस तरह से असल घटनाओं को दिखाएगी। अब रिलीज डेट की घोषणा के साथ उत्साह और भी बढ़ गया है। बालाजी मोशन पिक्चर्स और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रेजेंट 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। धीरज सरना के निर्देशन में बनी फिल्म को शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस किया है।




## कोपा लिबटाडीरेस : पेनारोल ने फ्लामेंगो को हराकर सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम



**रियो डी जेनेरियो।** उरुग्वे के पेनारोल ने गुरुवार को ब्राजील के दिग्गज क्लब फ्लामेंगो पर 1-0 की जीत के साथ कोपा लिबटाडोरेस के सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर एक कदम बढ़ा दिया। विंगर जेवियर कैबरेरा ने 13वें मिनट में मैक्समिलियानो सिल्वेरा के वन-टच पास को 12-यार्ड वॉली से गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, जो बाएं पोस्ट से नेट में रिबाउंड हुई। फ्लामेंगो ने गेंद पर कब्जा जमाया और अपने विरोधियों की तुलना में तीन गुना से ज्यादा पास पूरे किए, लेकिन उन्हें बेकार फिनिशिंग की कीमत चुकानी पड़ी। रियो डी जेनेरियो की टीम ने गोल पर 20 शॉट लगाए, जिनमें से छह को गोलकीपर वाशिंगटन एगुएरे ने बचा लिया।

पेनारोल के मैनेजर डिएगो एगुइरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमने एक ऐसी टीम के साथ शानदार माहौल बनाया है जो बहुत मेहनत करती है और जीतने की इच्छा रखती है। मैं अपने खिलाड़ियों से इससे अधिक की उम्मीद नहीं कर सकता क्योंकि वे अपना सब कुछ देते हैं। यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है।' क्वार्टरफाइनल मैच का निर्णायक दूसरा चरण अगले गुरुवार को मोंटेवीडियो के एस्टाडियो कैंपियन डेल सिग्लो में खेला जाएगा।

# ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या ने साउथ सुपरस्टार शिव राजकुमार के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



**दुबई में** आयोजित सिमा 2024 पुरस्कार समारोह में ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ आराध्या भी शामिल हुईं। ऐश्वर्या ने ब्लैक और गोल्डन गाउन पहना था। आराध्या सिल्वर और ब्लैक शिमरी आउटफिट में नजर आईं। इस वीडियो में ऐश्वर्या राय बच्चन अवॉर्ड लेने के बाद विक्रम का हाथ पकड़कर स्टेज से नीचे उतरती नजर आ रही हैं। स्टेज से उतरते ही आराध्या दौड़कर ऐश्वर्या को गले लगा लेती हैं और दोनों जाते हुए नजर आते हैं। इसी बीच शिव राजकुमार आते हैं तो वहीं ऐश्वर्या भी शिव से मिलने के लिए पीछे मुड़ती नजर आ रही हैं। इसी समय ऐश्वर्या अपनी प्यारी बेटी का परिचय शिव से कराती हैं। तभी शिव आराध्या से हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ते है लेकिन आराध्या शिव के पैर छू के आशीर्वाद लेती है। यह देखकर शिव भी उन्हें आशीर्वाद देते हैं। आराध्या की इस हरकत की इस वक्त हर जगह चर्चा हो रही है। इस वीडियो को देखने के बाद नेटिजेंस ने आराध्या की तारीफ की है। एक नेटीजन ने लिखा, 'मुझे यह देखकर खुशी हुई कि ऐश्वर्या की बेटी भी उनकी तरह संस्कारी है।' एक अन्य नेटिजन ने लिखा, 'ये संस्कार बच्चन परिवार से मिले हैं।' ऐश्वर्या राय बच्चन ने फिल्म 'पोन्नियिन सेलवनः 2' में दोहरी भूमिका निभाई है। ऐश्वर्या नंदिनी और मंदाकिनी देवी की दो भूमिकाओं में नजर आ चुकी हैं। यह फिल्म एक तमिल उपन्यास पर आधारित है। फिल्म में ऐश्वर्या के अलावा कार्थी, जयम रवि, तृषा, जयराम, प्रभु, आर सरथकुमार, शोभिता धूलिपाला, ऐश्वर्या लक्ष्मी, विक्रम प्रभु, प्रकाश राज, रहमान और आर पार्थिवन भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# सरफराज खान ने की जसप्रीत बुमराह की तारीफ, उन्हें सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक बताया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर सरफराज खान ने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की और उन्हें ₹सर्वश्रेष्ठ₹ गेंदबाजों में से एक कहा।

बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हैं, जिसका पहला टेस्ट गुरुवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू हुआ।

जियो सिनेमा से बात करते हुए सरफराज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में बुमराह के प्रदर्शन को याद किया और बताया कि कैसे इस स्टार तेज गेंदबाज ने विकेट लेकर भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया।जियो सिनेमा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में सरफराज के हवाले से कहा गया, आपने कुछ महीने पहले ही टी20 विश्व कप फाइनल में उनका जादू देखा था, जब खेल हमारे हाथ से फिसल रहा था और उन्होंने एक महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच पलट दिया। उन्होंने ऐसा कई बार किया है, जब टीम संघर्ष कर रही होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। 37 टेस्ट में बुमराह ने 20.69 की औसत से 159 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/27 रहा है। नौ घरेलू टेस्ट में बुमराह ने 16.36 की औसत से 33 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 रहा है।

पहले टेस्ट मैच के पहले दिन की बात करें तो बांग्लादेश ने चेन्नई टेस्ट में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया और टीम 34 रनों पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (118 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 56) और ऋषभ पंत (52 गेंदों में छह चौकों की मदद से 39) ने चौथे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी कर भारत को खेल में वापसी दिलाई, हालांकि भारतीय टीम 144 रनों पर 6 विकेट खोकर फिर से मुसीबत में आ गई, लेकिन यहां से अश्विन (नाबाद 102) और जडेजा (117 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 86* रन) ने नाबाद 195 रनों की साझेदारी कर दिन का अंत 339/6 पर किया। शतक बनाने के बाद अश्विन नाबाद हैं। पहले दिन स्टंप्स के समय अश्विन 91.07 की स्ट्राइक रेट से 112 गेंदों पर 102 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

## ईशान खट्टर को बॉलीवुड से हॉलीवुड तक कई चुनौतियों का करना पड़ा सामना

**बॉलीवुड कलाकार** हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। ये कलाकार अपनी फिल्मों, सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट या इंटरव्यू के दौरान दिए गए बयानों के कारण चचाओं का हिस्सा बन जाते हैं। अभिनेता ईशान खट्टर ने हाल ही में 'द परफेक्ट कपल' से हॉलीवुड में डेब्यू किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बॉलीवुड में अपने ऊपर आए संकट को लेकर बयान दिया। एक्टर ईशान खट्टर ने हाल ही में इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपने करियर और महत्वाकांक्षाओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा, मैं सार्थक परियोजनाओं पर काम करना चाहता हूं, इसलिए ऐसे काम ढूंढने की कोई सीमा नहीं है। मैं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए तत्पर हूं।

बॉलीवुड में काम पाने में आने वाली चुनौतियों के बारे में बात करते हुए ईशान खट्टर कहते हैं, मैंने 21 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। बॉलीवुड में मुझसे लगातार कहा जाता है कि तुम बहुत छोटे दीखते हो। मुझे बताया गया है कि युवा चेहरे और अभिनेता जटिल भूमिकाएँ बहुत अच्छी या बुरी तरह से नहीं लिख सकते। यह मेरे लिए एक अलग चुनौती है। मुझे लगता है कि मेरे अभिनय के बारे में गलत धारणाएं हैं। इसलिए मुझे बॉलीवुड में रोल पाने के लिए अलग तरह से संघर्ष करना होगा।' इसलिए मैं माजिद मजीदी और मीरा के साथ काम करना शुरू करके खुद को भाग्यशाली महसूस करता हूं।

ईशान के करियर की शुरूआत माजिद मजीदी की 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' और मीरा नायर की 'ए सूटेबल बॉय' में इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स से हुई। उन्होंने जान्हवी कपूर के साथ फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब हॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद एक्टर ने साफ किया कि मैं किसी एक इंडस्ट्री में अपना नाम नहीं कमाना चाहता।

ईशान ने कहा, 'मैं कभी भी किसी भी चीज को जरूरत से ज्यादा तय नहीं करता। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसे मौके मिले।'मैं पिछले छह वर्षों से इस उद्योग में काम कर रहा हूं और मुझे कई बेहतरीन परियोजनाओं पर काम करने का अवसर मिला है। मैं शुरू से ही अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में काम करना चाहता हूं। मैं किसी एक इंडस्ट्री में अपना नाम नहीं कमाना चाहता, अब अगर कोई मुझसे पूछे कि मैं हॉलीवुड में ज्यादा काम करना चाहता या यहीं; तो मेरा जवाब होगा कि जहां भी मुझे अच्छा काम मिलेगा, मैं काम करूंगा। मुझे जो काम मिलता है, मैं उसके साथ न्याय करने की पूरी कोशिश करता हूं। मैं इन सबका आनंद ले सकता हूं क्योंकि मुझे सबसे पहले नौकरी मिल गई। बहुत से लोग ऐसा करने में सक्षम होने की उम्मीद करते हैं।



# पंजाब एफसी पर जीत से वापसी की राह पकड़ने की कोशिश करेगी ओडिशा एफसी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पंजाब एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन का अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी, जब नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में उसका सामना ओडिशा एफसी से होगा। दोनों टीमें आज शाम खेले जाने वाले इस मुकाबले को जीतना चाहेंगी।

पंजाब एफसी ने अपने अभियान की शुरूआत केरला ब्लास्टर्स एफसी पर 2-1 की जीत के साथ की, जबकि ओडिशा एफसी को घरेलू मैदान पर चेन्नइयन एफसी से 2-3 की हार का सामना करना पड़ा। लेकिन पंजाब एफसी को झटका लगा जब स्ट्राइकर लुका माजसेन चोटिल हुए और उन्हें आगामी 6-8 सप्ताह तक मैदान से बाहर रहना पड़ेगा। पंजाब एफसी 2023-24 सीजन में ओडिशा एफसी के खिलाफ अपने दोनों मुकाबले हारी थी। ओडिशा एफसी आईएसएल में अपने पिछले पांच मैचों में जीती नहीं है, जिसमें पिछले तीन मैचों में लगातार हार भी शामिल है। इस मैच में भी हारने की स्थिति में आईएसएल के इतिहास में उसका घर से बाहर सबसे लंबे समय तक जीत दर्ज न करने का रिकॉर्ड बन जाएगा। पंजाब एफसी ने ईस्ट बंगाल एफसी पर 4-1 की शानदार जीत के साथ 2023-24 सीजन खत्म किया था और अब उसका लक्ष्य आईएसएल में पहली बार लगातार दो घरेलू जीत दर्ज करना है। वो जीत उसकी लीग में अपनी सबसे बड़ी जीत है। पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच पैनागियोटिस दिलमपेरिस ने कोच्चि में बेंच से उतरे फॉरवर्ड लुका माजसेन की प्रभावशाली भूमिका की प्रशंसा की, जिसमें बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी उन्होंने एक गोल किया और एक में सहायता दी।

## ईएसएल : हरयाणवी हंटर्स का विजय अभियान जारी, पंजाब की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एंटरटेन क्रिकेट टी10 लीग (ईएसएल) के लीग चरण के अंतिम दिन गुरुवार को जबरदस्त प्रदर्शन और नाटकीय मोड़ देखने को मिले और प्लेऑफ के लिए टीमों का निर्धारण हुआ। पंजाब वीर्स और हरयाणवी हंटर्स दोनों ने लीग चरण का समापन शानदार जीत के साथ किया, जिससे प्लेऑफ के लिए रोमांचक मुकाबलों का मंच तैयार हो गया। पंजाब वीर्स बनाम मुंबई डिसरप्टर्स झ अंकित नागर की 117 रनों की पारी ने पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचाया। सातवें दिन के पहले मुकाबले में, पंजाब वीर्स के कप्तान हर्ष बेनीवाल ने टॉस जीतकर मुंबई डिसरप्टर्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पंजाब के ओपनर्स, अर्शद (22 रन 8 गेंदों में) और राहुल बिष्ट (18 रन 7 गेंदों में), ने टीम को तूफानी शुरूआत दी, और केवल 2 ओवर में 44 रन बना दिए। हालांकि, इस मैच का सितारा अंकित नागर बने, जिन्होंने अविस्मरणीय पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों पर नाबाद 117* रन बनाए, जिसमें 18 शानदार छक्के शामिल थे, और इसने पंजाब को 10 ओवरों में 209/5 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। पवन चेची ने भी 12 गेंदों पर 31 रनों का योगदान दिया। जवाब में, मुंबई की पारी पहले ओवर से ही बिखर गई, क्योंकि अंकित नागर और अर्शद ने उनकी शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। दोनों ने 3-3 विकेट लिए और मुंबई की टीम 7 ओवरों में मात्र 65 रन पर ढेर हो गई।

न्यूज IN ब्रीफ

## अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का कार्यकर्ता सम्मेलन समालखा में आज से

**नई दिल्ली।** देश के सुविख्यात श्रीमद्भगवद गीता, शिव और रामकथा वाचक रमेश भाई ओझा आज हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा कस्बे में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के तीन दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन 'समवेत-2024' का उद्घाटन करेंगे। 'समवेत-2024' में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी हिस्सा लेंगे। वो 22 सितंबर को समापन सत्र को संबोधित करेंगे। यह जानकारी वनवासी कल्याण आश्रम की विज्ञप्ति में दी गई है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम तीन साल के अंतराल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करता है। सम्मेलन में हिस्सा लेने देशभर से दो हजार से अधिक प्रतिनिधि समालखा पहुंचे हैं। इनमें केरल, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश और अंडमान के जनजाति क्षेत्र के महिला-पुरुष भी शामिल हैं। इससे पहले कल (गुरुवार) वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह और हरियाणा के अध्यक्ष राम बाबू ने सम्मेलन स्थल पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के सात दशक की यात्रा पर केंद्रित है। वनवासी कल्याण आश्रम की विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात के प्रसिद्ध कथावाचक रमेश भाई ओझा 20 सितंबर को समालखा में सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा। अगले दिन सायं 6:30 बजे परम्परागत पूजा-पद्धति का आयोजन होगा। इसमें 80 जनजातियां सहभागी होंगी। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत करेंगे। संघ प्रमुख 22 सितंबर को सम्मेलन के समापन सत्र में कार्यकताओं का मार्गदर्शन भी करेंगे। इस वर्ष रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती है। इस निमित्त एक पुस्तक का विमोचन होगा।

## एनआईए ने मोगा में ट्रक चालक के घर छापा मारकर की पूछताछ

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने शुक्रवार सुबह पंजाब के मोगा में छापा मारा और करीब तीन घंटे तक सर्च की। एनआईए की टीम मोगा के गांव बिलासपुर में कुलवंत सिंह (42) के घर पहुंची। आरोप है कि वह सोशल मीडिया में खालिस्तानी सोच से जुड़ी पोस्ट डालता है। एनआईए की टीम ने कुलवंत व उसके परिवार वालों से पूछताछ की। कुलवंत सिंह से जुड़ी सारी चीजों की पड़ताल की। इस दौरान लोकल पुलिस भी यहां मौजूद रही। कुलवंत सिंह पेशे से ड्राइवर है। वह रामपुरा की एक सीमेंट फैक्ट्री में काम करता है। एनआईए टीम के जाने के बाद कुलवंत सिंह ने बताया कि जांच अधिकारियों ने उससे खालिस्तानी पोस्ट डालने को लेकर पूछताछ की। साथ ही आगे उसे ऐसा करने से रोका गया है।

## पंजाब: बादल परिवार की बसों समेत 600 बसों के परमिट रद्द

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य में 600 से अधिक बसों के परमिट रद्द कर दिए हैं। यह परमिट गैरकानूनी तरीके से जारी किए गए थे। पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने शुक्रवार को यहां जारी एक जानकारी में बताया कि वर्ष 2007 से 2017 अकाली दल सरकार और इसके बाद कांग्रेस सरकार के समय यह सारा खेल हुआ था। इन परमिटों की कोई भी व्यवहारिकता नहीं थी। इसमें कई बड़े ट्रांसपोर्टर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुखबीर सिंह बादल की करीब 30 फीसदी बसों के परमिट रद्द किए गए हैं, ये गैरकानूनी थे। ट्रांसपोर्ट मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह कार्रवाई पूरी जांच-पड़ताल के बाद की है। इस फैसले से छोटे ट्रांसपोर्टरों को बड़ा फायदा होगा। वह दोबारा अपनी बसें चला पाएंगे। जो परमिट रद्द किए गए, उनमें अवैध क्लबिंग की हुई थी। इस वजह से सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा था। इस फैसले से राज्य के लगभग सारे ट्रांसपोर्टर खुश हैं। उनका कहना था उनके तो एक-दो परमिट रद्द होंगे लेकिन इससे सभी का फायदा होगा।

## चंडीगढ़ मनाली फोरलेन पर डयोड में निमार्णाधीन टनल के उपर का भाग धंसा

**मंडी।** चंडीगढ़ मनाली फोरलेन के निर्माण की गुणवता को लेकर लगातार सवाल खड़े होते आए हैं मगर अब तो यह साक्षात तौर पर सामने आने लगा है। इस मार्ग पर मंडी के पंडोह और थलौट के बीच अधिकांश मार्ग सुरंगों से होकर गुजर रहा है। इनमें एक सुरंग जो मंडी से 22 किलोमीटर आगे डयोड के पास है उसका काम अभी अधूरा है जबकि बाकी सब तैयार होकर यातायात के लिए खुली हैं। इस सबसे लंबी सुरंग का काम यूं तो पेमेंट की अदायगी आदि के पेच के चलते चार महीने से बंद है मगर बीते दिन अचानक इस सुरंग के उपर पहाड़ी पर जहां से होकर गांव हटौण के लिए सड़क गुजर रही है वह सुरंग से यह लगभग 200 फीट उपर है पर जमीन धंसी और लगभग 15 फीट चौड़ाई के आकार का गड्ढा बन गया। गुरूवार को यह गड्ढा और बड़ा हो गया। ठीक इसी जगह पर गांव हटौण के 20 घर भी हैं जिनमें पहले सुरंग निर्माण को चलते कुछ दरारें आई थी और अब इस गड्ढे के बन जाने से पूरे गांव के ही धंसने का खतरा पैदा हो गया है। इस गड्ढे को देख कर ग्रामीणों के होश उड़ गए। ग्रामीणों हरदेव शर्मा, कशमीर सिंह, गीता देवी व कोयला देवी आदि ने बताया कि उनके घरों में सुरंग निर्माण के चलते ही दरारें आ गई थी मगर अब जो गड्ढा ही पड़ गया है तो घरों के जमींदोज हो जाने की खतरा बन गया है।

## दहेज लोभियों ने 7 माह की गर्भवती नवविवाहिता की हत्या कर जलाया

**उमरिया।** उमरिया जिले के चंदिया थाना अन्तर्गत ग्राम घोघरी में उस वक्त दहशत फैल गई जब दहेज की चाह में एक सात माह की गर्भवती नवविवाहिता को खौफनाक तरीके से उसके ससुराल वालों ने हत्या कर घर के ही आंगन में जला दिया। इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया उसके पति, सास, ससुर, ननद और नन्दोई ने दिया। पुलिस को नवविवाहिता का बुरी तरह जला हुआ शव घर के आंगन से बरामद हुआ है। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर दहेज प्रताड़ना, हत्या का मुकदमा पंजीबद्ध किया है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने शव का परीक्षण किया। एसपी निवेदिता नायडू ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए एसडीओपी को विवेचना के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। इस वारदात के बारे में मृतका शालिनी गौतम के चाचा रामभजन तिवारी निवासी ग्राम उबरा जिला कटनी ने बताया कि दो भईया दो एक बहन थी शालिनी और जैसे ही इस घटना की सूचना उन्हें गुरूवार दोपहर में 3.27 बजे फोन पर मिली । हमारी शास-प्रशासन से मांग है हमको न्याय मिले और उनको सख्त सजा दी जाय और उनका घर गिराया जाय। वहीं इस मामले में उमरिया एस पी निवेदिता नायडू ने बताया कि यह पूरा दहेज हत्या कांड हुआ है। बताया जा रहा है कि शालिनी गौतम का वो 6 से 7 माह की गर्भवती थीं, उनका जला हुआ शव घर से बरामद हुआ है इसी संबंध में पुलिस ने दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया है, गहनता से पुलिस जांच कर रही है, इसमें 5 आरोपित हैं, उसमें मृतिका के सास, ससुर, ननद, नन्दोई और पति आरोपी हैं। जिसमे चंदिया थाने में धारा 103(1), 80, 85 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# देश से नक्सलवाद को अंतिम विदाई देने के लिए 31 मार्च 2026 की तारीख तय : अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों के हिंसा प्रभावित 55 लोग बस्तर शांति समिति के तत्वाधान में केन्द्रीय गृह मंत्री से मिले।

अमित शाह ने नक्सली हिंसा पीड़ितों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद की हिंसा के शिकार ये लोग अपने मानवाधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इनकी पीड़ा देख मन अत्यंत व्यथित है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ₹हम इस देश से नक्सलवाद और नक्सलवाद के विचार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे और शांति स्थापित करेंगे। नरेन्द्र मोदी सरकार बस्तर के 4 जिलों को छोड़ कर पूरे देश में नक्सलवाद को समाप्त करने में सफल रही है। इस देश से नक्सलवाद को अंतिम विदाई देने के लिए 31.03.2026 की तारीख तय की गई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उससे पहले नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा।

अमित शाह ने नक्सलियों से कानून के समक्ष आत्मसमर्पण कर हथियार का रास्ता छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर और कश्मीर में कई जगहों पर कई लोग हथियार छोड़ कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आपका भी स्वागत है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इसके खिलाफ अभियान शुरू करेंगे और इसमें सफलता भी मिलेगी।

## रोहतक में गैंगवार, शराब के ठेके पर तीन की हत्या

**रोहतक।** सोनीपत रोड़ स्थित बलियाणा मोड़ के नजदीक शराब के ठेके पर बैठे पांच लोगों को मोटरसाईकिल सवार युवकों ने देर रात गोली मार दी, जिससे तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और इस बारे में जांच पड़ताल की। जांच में सामने आया है कि गैंगवार के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है और राहुल बाबा गैंग ने घटना की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए ली है। गांव बोहर में घटना को लेकर दहशत बनी हुई है। पुलिस के अनुसार देर रात गांव बोहर निवासी जयदीप, अमित नांदल, विनय, अनुज व मनोज बलियाणा मोड़ स्थित शराब के ठेके पर बैठे थे, इसी दौरान तीन मोटरसाइकलों पर सवार आठ बदमाश ठेके पर आए और उन्होंने ठेके पर बैठे युवकों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससें पाचों युवकों को गोली लगी और जयदीप, अमित नांदल व विनय की मौके पर ही मौत हो गई।

## शेख हसीना के खिलाफ 45 दिन में हत्या के 140 मामले दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ पांच अगस्त के बाद से 45 दिन में 150 से ज्यादा केस दर्ज किए गए हैं। हसीना को छात्र और जन विद्रोह के कारण देश छोड़ना पड़ा है। इसके बाद अंतरिम सरकार का गठन किया गया। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, पिछले डेढ़ महीने में शेख हसीना के खिलाफ ढाका में 150 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 140 हत्या और 10 हत्या के प्रयास, धमकी, उत्पीड़न और हमले के आरोप के मामले शामिल हैं। यह सभी मामले ढाका के मजिस्ट्रेट न्यायालयों में दर्ज किए गए हैं। यह मामले 31 थाना क्षेत्रों के हैं। जतराबाड़ी में कुल 42 मामले, मीरपुर में 24, उत्तरा-पूर्व में 14, सावर में 10, बड्डा में नौ, मोहम्मदपुर और कदमतली में पांच-पांच और रामपुरा में चार मामले दर्ज किए गए हैं। तेजगांव, न्यू मार्केट, अदाबोर, सूत्रपुर, खिलगांव और हातिरझील पुलिस स्टेशनों में तीन-तीन मामले दर्ज किए गए। पल्लबी, बंगशाल, शेर-ए-बांग्ला नगर, बनानी, पलटन, मुगदा और भटारा पुलिस स्टेशनों में दो-दो मामले दर्ज किए गए। आशुलिया, काफरुल, मोतीझील, चौकबाजार, लालबाग, गुलशन, एयरपोर्ट, शाहबाग, धानमंडी और कोतवाली पुलिस स्टेशनों में एक-एक मामला दर्ज किया गया।

### हत्या का पहला मामला 13 अगस्त को पंजीकृत

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, शेख हसीना के खिलाफ पहला हत्या का मामला 13 अगस्त को ढाका की एक अदालत में दर्ज किया गया। इसमें कहा गया है कि शेख हसीना और ओबैदुल कादर समेत सात लोगों ने 19 जुलाई को आरक्षण आंदोलन के दौरान मोहम्मदपुर में पुलिस फायरिंग में सहयोग किया। इसमें किराना दुकानदार अबू सईद की हत्या का आरोप है। इसके बाद छह और हत्या के मामले दर्ज किए गए। इनमें शेख हसीना को मुख्य आरोपी बनाया गया है। यह मामले मामले गुरुवार को ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में दर्ज किए गए।

## बाढ़ प्रभावित जिलों में चिकित्सा सहायता देने आरजी कर सहित तीन मेडिकल कॉलेजों की टीम जाएगी

एजेंसी



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के बाढ़ प्रभावित इलाकों में आरजी कर मेडिकल कॉलेज समेत तीन प्रमुख मेडिकल कॉलेजों की डॉक्टरों की टीमें रवाना होंगी। इन टीमों में जूनियर डॉक्टर शामिल हैं, जो पीने का पानी, दवाइयां, और सूखा भोजन लेकर बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए तैयार हैं। इन डॉक्टरों की टीम विभिन्न जिलों में जाकर राहत शिविर लगाएगी और पीड़ितों को चिकित्सा सहायता प्रदान करेगी।

शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ मेदिनीपुर और बांकुड़ा मेडिकल कॉलेज की टीमें भी बाढ़ प्रभावित दक्षिण बंगाल के विभिन्न इलाकों में जाएंगी। डॉक्टर अपने साथ पीने का पानी, सूखा भोजन, दवाइयां, और अन्य आवश्यक सामग्री जैसे तिरपाल लेकर जा रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों के संगठन ने कहा है कि वे इस कठिन समय में राज्य के आम लोगों के साथ खड़े हैं और उनकी सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संगठन ने एक बयान में कहा, जिन लोगों ने हमारे साथ खड़े होकर समर्थन किया, अब उनके कठिन समय में हमारे लिए उनके साथ खड़ा होना आवश्यक है। डॉक्टर होने के नाते उनकी मदद करना हमारा कर्तव्य है।

यह भी उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में आरजी कर अस्पताल से एक महिला डॉक्टर का शव बरामद हुआ था। इस घटना के बाद से राज्य भर के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने आंदोलन शुरू किया था और 42 दिनों तक हड़ताल पर रहे थे। डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ कई बार अपनी मांगों पर चर्चा की। उनकी प्रमुख मांगों में अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था।

गुरुवार रात को मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को पत्र लिखकर राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर जूनियर डॉक्टरों ने पत्रकारों से कहा कि वे शुक्रवार से अपना आंदोलन समाप्त करेंगे और शनिवार से आपातकालीन सेवाओं में लौट आएंगे।

## मणिपुर में बड़ी तबाही टली, भारतीय सेना ने सात आईईडी किया बरामद

एजेंसी



**कोलकाता ।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के बोंगजंग और इथम गांवों के पहाड़ी क्षेत्रों में भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने एक व्यापक अभियान में सात इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए हैं। इससे बड़ी आपदा टल गई और कई निर्दोष लोगों की जान बच गई। कोलकाता स्थित पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम से बताया गया है खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की टुकड़ियों ने तेजी से कार्रवाई की और सेना के विस्फोटक खोजी कुत्तों के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान लगभग 28.5 किलोग्राम वजन के सात आईईडी बरामद किए गए। भारतीय सेना के इंजीनियर्स की टीम ने इन आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया। इस सफलता से संभावित बड़े हादसे को रोका गया और निर्दोष नागरिकों की जान बचाई गई। आईईडी की ताजा बरामदगी पिछले तीन महीनों में सुरक्षा बलों द्वारा दूसरी बड़ी सफलता है। इससे पहले, 20 जुलाई 2024 को इंफाल पूर्वी जिले के सैचांग इथम के पहाड़ी क्षेत्रों से 33 किलोग्राम वजन के आठ आईईडी सफलतापूर्वक बरामद किए गए थे, जिन्हें भारतीय सेना की बम निरोधक टीम ने निष्क्रिय कर दिया था। भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस के इस संयुक्त अभियान ने सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय को एक बार फिर साबित किया है। इस कार्रवाई ने न केवल क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि देशविरोधी तत्वों को भी कड़ा संदेश दिया है।

## अमेरिका में हरियाणा के युवक से किया वादा पूरा करने करनाल पहुंचे राहुल गांधी

एजेंसी



**चंडीगढ़।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अपने अमेरिका दौरे में हरियाणा के एक युवक से किया वादा पूरा करने के लिए शुक्रवार सुबह करनाल के गांव घोघड़ीपुर में पहुंचे। यहां उन्होंने अमेरिका में घायल हुए युवक के परिजनों से मुलाकात की और वीडियो कॉल करके परिजनों की अमेरिका में बात करवाई। विधानसभा चुनाव के चलते हरियाणा के नेता जहां एक तरफ राहुल गांधी की हरियाणा में रैलियां करवाने की तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं अचानक राहुल गांधी के करनाल दौरे को लेकर किसी भी कांग्रेस नेता को सूचना नहीं मिली। करनाल जिला प्रशासन के पास भी इस बारे में कोई सूचना नहीं थी।

अमेरिका दौरे में राहुल गांधी की मुलाकात अमित कुमार नाम के एक युवक से हुई थी। वह करनाल घोघड़ीपुर गांव का रहने वाला है। अमित का कुछ समय पहले अमेरिका में एक्सीडेंट हो गया था। राहुल गांधी ने अमित से वादा किया था कि वह जब वापस भारत जाएंगे तो उसके घरवालों से जरूर मिल कर आएंगे। राहुल गांधी आज सुबह करीब छह बजे घोघड़ीपुर में अमित कुमार के घर पहुंच गए। वहां वे अमित की मां बीरमती व परिवार के अन्य सदस्यों से मिले। राहुल गांधी करीब एक घंटा उनके आवास पर रुके। उन्होंने अमित के घर से देसी घी और चूरमा पैक करवाया और अपने साथ ले गए। अमित के घर से निकलने के बाद राहुल गांधी करनाल में ही कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र राठौर के फार्म हाउस पर भी पहुंचे। उनसे चुनाव प्रचार के बारे में पूछा।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख

# सेंसेक्स ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में तेजी नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। हालांकि बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.50 प्रतिशत और निफ्टी 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 3.32 प्रतिशत से लेकर 2.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ग्रासिम इंडस्ट्रीज, सिप्ला, एनटीपीसी, टीसीएस और इंडसइंड बैंक के शेयर 1.37 प्रतिशत से लेकर 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,303 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,607 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 696 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 418.24 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 83,603.04 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत शुरू होने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक लुढ़क कर 83187.64 अंक तक आ गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से सुबह 10 बजे के करीब सेंसेक्स अभी तक के सर्वोच्च स्तर 83,805.26 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 418.19 अंक की तेजी के साथ 83,602.99 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 110.15 अंक उछल कर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,525.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की रफ्तार में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 134.05 अंक की मजबूती के साथ 25,549.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 236.57 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,184.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 38.25 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,415.80 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### दर्शकों के दिल को जीतने वाला खिलाड़ी पाता है ऊंचा मुकामः एनोस



**कोलेबिरा :** प्रखंड के शिवनाथपुर गांव में आयोजित तेलंगा खड़िया स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का और झापा युवा नेता संदेश एक्का उपस्थित थे। फाइनल मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया गया। मौके पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामना दी उन्होंने कहा कि हार जीत की भावना से ऊपर उठकर अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करना है और दर्शकों का मन को जितना है। एनोस एक्का ने कहा कि मैच कोई भी टीम जीत सकता है, लेकिन जो खिलाड़ी दर्शकों का दिल जीतता है, वह ऊंचे स्तर तक जाता है। एनोस एक्का ने कहा कि जिस तरह टीम को जीताने के लिए सभी खिलाड़ी संगठित होकर खेलते हैं, उसी तरह अपने गांव घर को जीताने के लिए भी सभी को संगठित और एकमत होना चाहिए। जिस तरह मैच जीतने के लिए अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया जाता है, उसी तरह समस्या को दूर करने के लिए अच्छे नेता का भी चयन करना चाहिए। इसके बाद प्रतियोगिता का फाइनल मैच आदिवासी बॉयज पत्र टोली बनाम जुगनू पीहर टोली के बीच खेला गया जिसमें पेनल्टी में आदिवासी बॉयज की टीम 5-4 से विजय रही। विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान में रहने वाली टीम को पुरुस्कार के रूप में खस्सी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कांग्रेस नेता सुनील खड़िया,मनोज डूंगडुंग,प्रदीप डुंगडुंग, रावेल बाघवार, योतेम किड़ो,पीटर डुंगडुंग,अमित टेटे,संदीप टेटे,अनिल लोहरा,सुरेश लोहरा, जुनास कुल्लु, जीनित कुल्लु सहित कई लोग उपस्थित थे।

*सभी खिलाड़ियों को दी जाएगी सुविधा और संसाधनःसंदेश*

समापन समारोह में संदेश एक्का ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने बेहतर खेल के लिए आयोजन समिति को भी धन्यवाद दिया। संदेश एक्का ने कहा कि जिले के गांव में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, अगर सही तरीके से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराया जाए तो हॉकी की तरह फुटबॉल में भी इंडियन टीम में जिले के खिलाड़ी नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी हर खिलाड़ी को सुविधा और संसाधन देने के लिए प्रतिबद्ध है। और झारखंड पार्टी जो कहती है वह करती है। उन्होंने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि हर प्रखंड में डे नाइट प्रतियोगिता का आयोजन के लिए व्यवस्था की जाएगी।

### सिमडेगा में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में टर्फ लगने का कार्य शुरू



**सिमडेगा :** हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जिला मुख्यालय में अंतर्रायरीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति में है। अभी ग्राउंड में टर्फ लगाने जा कार्य चल रहा है। जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी निमार्णाधीन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पहुंचकर निर्माण कार्य का मुआयना किया और ' कार्यकारी एजेंसी के अभियंता को श्वद्ध के ग्राउंड में प्रवेश के लिए वीआईपी लॉन्च केन ठीक सामने ग्राउंड के बीच भाग में गेट बनाने का निर्देश दिया। कार्यकारी एजेंसी के अभियंता ने कहा कि मौसम अनुकूल रहा तो एक सप्ताह के अंदर टर्फ लगाने से संबंधित कार्य पूर्ण हो जायेगा।साथ ही खेल पदाधिकारी ने भवन विभाग के कार्यपालक अभियंता से फोन से बात कर पैवेलियन और गैलरी निर्माण के कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा करवाने का निर्देश दिए।

### ईवीएम और वीवीपीएट जागरूकता रथ रवाना

**जमशेदपुर :** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत बृहस्पतिवार को ईवीएम एवं वीवीपीएटी (बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट) का जगह-जगह डेमोंस्ट्रेशन किया गया। इस दौरान आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता के साथ ही दोनों उपकरणों के ठीक से काम करने के बारे में बताया गया। इस दौरान आम लोगों ने वोट डालकर ईवीएम एवं वीवीपीएटी की जांच की। दूसरी ओर समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त ने ईवीएम व वीवीपीएटी मोबाईल डेमोस्ट्रेशन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने के साथ वोट की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराने का कार्य करेगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव की घोषणा तक चलंत प्रदर्शन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने एवं ईवीएम वीवीपैट से रू-ब-रू कराने के लिए चलंत प्रदर्शन वैन चलाया जा रहा है। प्रदर्शन के लिए प्रयोग करने वाले इवीएम में डमी वैलेट पेपर का प्रयोग किया जाएगा। इस जागरूकता रथ के साथ पुलिस बल, मजिस्ट्रेट प्रत्येक मतदान केंद्र में चलन्त वाहन के साथ जिला से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को इवीएम प्रदर्शन के दौरान वाहन के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित रहेंगे।

### भाजयुमो के रक्तदान शिविर में 193 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बृहस्पतिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन बिस्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया। जिसमें 193 युवाओं ने ह्लनर सेवा-नारायण सेवाह्व एवं ह्लरक्तदान-महादानह्व के आदर्श वाक्यों को चरितार्थ करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी युवा रक्तदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं व्यक्त की और उनके जन्म दिन को सेवा भाव से मनाया। अथितियों ने रक्तदाताओं को भेंट, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शिरकत की। अर्जुन मुंडा ने सभी रक्तदाताओं और युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। सभी युवा साथियों ने रक्तदान के माध्यम से इस आदर्श वाक्य को साकार किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा और समर्पण अभियान में युवाओं की भागीदारी सराहनीय है।

# विधान सभा चुनाव 2024 कोल्हान के लिए है काफी महत्वपूर्ण







बिनय मिश्रा

कोल्हान की राजनीति में पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा दीनानाथ पाण्डे के पश्चात इस विधानसभा क्षेत्र से रघुवर दास निरंतर जीत अर्जित करते रहें और श्री दास काबीना मंत्री से लेकर उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री भी रहें। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा अपने सहयोगी दल के साथ सरकार बनाने के क्रम में पहली बार झारखण्ड बनने के पश्चात गैर आदिवासी के रूप में रघुवर दास मुख्यमंत्री बनें या यूँ कहें कि रघुवर दास निरंतर रिकार्ड दर रिकार्ड भी बनाया क्योंकि पूर्वी जमशेदपुर से चुनाव जीतने के पश्चात श्री दास कोल्हान प्रमण्डल से अर्जुन मुण्डा, मधु कोड़ा के पश्चात तीसरे मुख्यमंत्री बनें। यही नहीं श्री दास ने पांच वर्षों तक निरंतर मुख्यमंत्री रहने के साथ-साथ यह भी रिकार्ड बनाया कि उनके मंत्री मंडल में बारह के जगह मुख्यमंत्री सहित ग्यारह मंत्री मंडल के सदस्य ही रहें और पांच वर्षों तक बेहतर ढंग से शासन चलाने और मुख्यमंत्री जनसंवाद भी प्रारंभ किया तथा जनसमस्या को सुनने के पश्चात कार्यवाही के लिए भी कारगर पहल करने के कारण यह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय भी रहा। हालांकि राजनीतिक उलटफेर के कारण श्री दास को अपने विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी और भाजपा के वरीय नेता रहे तथा काबीना मंत्री सरयु राय से पराजित भी होना पड़ा किन्तु रघुवर दास के द्वारा पुरे राज्य के लिए किये गये सार्थक और निरंतर विकास झारखण्ड के लिए काफी उपयोगी और सार्थक भी साबित हुयी। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि झारखण्ड की राजनीति में रघुवर दास मुख्यमंत्री के रूप में कई रिकार्ड बनाने में भी सफल रहे थे हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव में पराजय के पश्चात भी अपनी सक्रिय राजनीति से यह कभी अहसास होने नहीं दिया कि वे चुनाव हारे हैं मैदान नहीं। हालांकि बाद में उन्हें उड़ीसा का महामहिम राज्यपाल बनाया गया और यह भी पुनः झारखण्ड के लिए गौरव की बात है कि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल बनें।

### स्कूल से घर लौट रही आदिवासी लड़की से दुष्कर्म

**रांचीः** खूंटी जिले में एक 16 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आयी है। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़की अपने स्कूल से घर लौट रही थी, तभी उसके साथ दुष्कर्म किया गया। यह घटना बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर घटी।

एक अधिकारी ने कहा, गुरुवार को एफआईआर दर्ज किया गया और इस अपराध में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। उन सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लड़की का मेडिकल टेस्ट कराया गया। लड़की ने पुलिस को बताया कि स्कूल से घर वापस लौटने के दौरान 10 लोग उसे सड़क किनारे झाड़ियों में घसीट कर ले गए। उनमें से पांच ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

लड़की ने आगे बताया कि वह बेहोश हो गई थी और जब उसे होश आया तब उसके बदन पर कपड़े नहीं थे।

# साह मोटर्स में टीवीएस के दो नये दोपहिये वाहन का हुआ उद्घाटन

### एरिया मैनेजर एवं टेरेटेरी मैनेजर हुए मुख्य रूप से शामिल

### साह मोटर्स के संचालक विकास साह के कार्यों को सराहा और उत्कृष्ट बताया

ज्योति पाठक






पश्चिम सिंहभूम जिला में अपने बेहतर सेल एण्ड सर्विस के फलस्वरूप दोपहिये वाहन के बेहतर और उत्कृष्ट संचालक के रूप में अपनी दमदार-शानदार बिक्री एवं वाहनक्रेताओं को उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर टीवीएस की शाख और विश्वास बढ़ाने वाले युवा व्यवसायी विकास साह के प्रतिष्ठान में आज दो नये दोपहिये वाहन का विधिवत भव्य रूप से लाँच किया गया और इस दौरान सबसे बड़ी उपलब्धि की बात यह रही कि टीवीएस के एरिया मैनेजर झारखण्ड अनुराग सिंह एवं टेरेटेरी मैनेजर अभिमन्यु सिकारवर राँची मुख्य रूप से शामिल हुए और टीवीएस के दो नये वाहन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी दी। एरिया मैनेजर श्री सिंह ने कहा कि टीवीएस जुपीटर 110 सीसी की स्कूटी है और इसमें वर्तमान समय में मौजुदा काफी सुविधाओं के साथ इसे लोगों के लिए बाजार में लाया गया है। इस दोपहिये वाहन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें पर्याप्त जगह भी है जिसमें दो हेल्मेट सहज रूप से रखे जा सकते हैं। आकर्षक डिजाईन और कई रंगों में उपलब्ध है और लोगों के आकांक्षा के अनुरूप इसका निर्माण किया गया है। बेहतर सुविधा, चलने में आसान और समुचित मूल्य इसकी विशेषता है। वहीं टेरेटेरी मैनेजर अभिमन्यु सिकारवर ने कहा कि टीवीएस के अपाची रेस एडिसन 160 सीसी की दोपहिया वाहन है इसे युवाओं के मन पसन्द और लुभावने को ध्यान में रखकर निर्माण किया गया है। इसकी माईलेज भी काफी अच्छी है और यह लोगों के द्वारा काफी पसन्द की जा रही है। उन्होंने साह मोटर्स के प्रोपराईटर विकास साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा अपने प्रतिष्ठान के ग्यारह वर्षों में लगभग चार हजार टीवीएस परिवार बनाना काफी उपयोगी और उपलब्धि भरा कार्य है। ऐसे प्रतिष्ठान कम्पनी और वाहन के लिए गौरव हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से टीवीएस उपभोक्ताओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सेवानिवृत प्राचार्य आर.एन.पाण्डे, डिक्की राव एवं पंकज जिन्दल के अलावे अन्य लोग भी सम्मानित किये गये। इस अवसर पर मुख्य रूप से शंकर साह, विकास साह के अलावे काफी संख्या में गणमान्य और नामचीन हस्ती भी उपस्थित थे। इसके अलावे टीवीएस साह मोटर्स के कर्मचारी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जलसहियाओं ने किया सरकार का आभार सभा

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगाः** जलसहियाओ ने मानदेय बढ़ाने की खुशी में आज शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में आभार सभा का आयोजन किया। जिसमे बतौर अतिथि कांग्रेस इंटक नेता दिलीप तिर्की हुए शामिल।

सिमडेगा के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में जलसहियाओं ने सभा कर सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इसके साथ साथ जल सहियाओं ने उनके आंदोलन के दौरान उनका साथ देने वाले इंटक कांग्रेस के नेता दिलीप तिर्की का भी आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जलसहियाओं ने कहा कि दिलीप तिर्की उनके आंदोलन के दौरान हमेशा उनके साथ खड़े रहे और मानदेय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे। उन्होंने दिलीप तिर्की से आगे भी सहयोग देने की अपील की है। दिलीप ने अपने संबोधन में कहा कि आपका यह समूह जो इतने बड़ी संख्या में यहाँ उपस्थित हैं यही आपकी ताकत है। इसे बरकरार रखिए साथ ही हर परिस्थिति में एक दूसरे के साथ खड़े रहिए। हमारी राज्य में फिर सरकार आएगी तो आपकी आगे की जो भी मांगे हैं वह भी पूरी की जाएंगी कह कर शुभकामनाएं देते हुए दिलीप ने धन्यवाद दिया। इसके अलावा जलसहियाओं ने उनके आंदोलन की खबरों को प्रमुखता देने वाले मीडिया प्रभारियों का भी आभार प्रकट किया और वहां मौजूद पत्रकारों को सम्मानित किया।

बता दें कि जलसहियाओं को 1000 रुपए मानदेय मिलता था। जिससे नाराज जलसहिया आंदोलन करते हुए मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए काफी दिन आंदोलन किए थे। जिसके बाद सरकार उनकी मानदेय को बढ़ाते हुए 2000 कर दी है। आज सरकार के इसी फैसले का आभार जताने के लिए जल सहीयाओं ने आभार सभा किया। जल सहिया संघ की अध्यक्ष रेशमा परवीन ने कहा कि जलसहिया सरकार द्वारा मानदेय बढ़ाने से खुश तो जरूर हैं लेकिन संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जलसहिया न्यूनतम मजदूरी दर के आधार पर मानदेय की मांग की थी। उन्होंने बताया कि 2000 में नहीं चलेगा जल सहिया अब अपना मानदेय 18000 करने की मांग करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार लंबे समय आंदोलन के बाद उनके मानदेय में 1000 रुपए का इजाफा की है। इसके लिए सरकार को आभार, लेकिन सरकार को जल सहियाओं का मानदेय 18000 करना होगा।

### डायन-बिसाही के आरोप में महिला को पीटा, घायल

**पिपरवारः** थाना क्षेत्र के बेंती गांव में गुरुवार को सुबह डायन-बिसाही मामले में मंजू देवी (35, पति मनोज भुइयां) को गोतिया ने पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने सरयू भुइयां के पुत्र पोचा भुइयां पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मंजू ने बताया कि उसकी हत्या करने की मंशा से आरोपी ने घर में घुस कर कचरे से सिर पर प्रहार किया। जिससे उसका सिर फट गया। घटना के बाद खून से लथपथ महिला पिपरवार थाना पहुंची। जहां पुलिसकर्मियों ने उसे इलाज के लिए बचरा अस्पताल भेज दिया।

# सरकार जनसमस्याओं को लेकर गंभीर नहीं : श्रद्धानन्द बेसरा

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** जिला में व्याप्त खराब ट्रांसफार्मरों को मरम्मती को लेकर के भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कार्यपालक अभियंता सिमडेगा से मुलाकात किया। श्री बसेरा ने कार्यपालक अभियंता सिमडेगा को जानकारी दिया की विगत महीने पूर्व आकाशीय बिजली के प्रभाव से ट्रांसफार्मर खराब होने की घटना लगभग सभी प्रखंडों से जानकारी मिल रही है। मरामाती के लिए आवेदन भी दिए जा रहे हैं, कुरडेग प्रखंड के कुटमाकछार, सागजोर, और डूमरडीह, केरसई प्रखंड के भीम कोठी ,केरसई टोंगरी टोली ,केरसई पुरानी वस्ती इत्यादि ग्राम के खराब ट्रांसफार्मरों को महीने पूर्व विद्युत वर्कशॉप सिमडेगा में जमा किया गया है। परंतु दुर्भाग्य की बात है की इन्हें अब तक महीना बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं की गई है। ग्रामीणों के द्वारा



जानकारी दी जा रही है कि कुछ राजनीतिक पार्टी के दिग्गज नेताओं के द्वारा दो-तीन दिन में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया जा रहा है। जबकि कुछ ग्रामीणों को महीना इंतजार करना पड़ रहा है। आगे अगर विद्युत विभाग के द्वारा इस तरह का अनदेखा किया जाएगा तो विभाग का घेराव प्रदर्शन किया जाएगा।आगे उन्होंने कहा कि सरकार जनसमस्याओं को लेकर गंभीर नहीं सरकार सिर्फ घोषणावीर बन कर रह गयी है, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं। श्री बेसरा ने कहा कि सिमडेगा प्रखंड सेवई पंचायत में स्थित विरहोर क्लोनी,आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं उन बस्तीयों में भी विद्युत कनेक्शन विगत चार साल गुजर जाने के पश्चात भी नहीं लगाया गया है , वे अंधेरे में जीवन बसर करने को मजबुर हैं। आदिम जनजाति को विशेष सुविधा देने का नाम सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है

श्री बसेरा ने नगर परिषद क्षेत्र के कार्यालय पदाधिकारी से भी मुलाकात कर नगर में स्थित सरकारी तालाब के किनारे लगे हाई मास्क लाईट के संबंध में कहा कि जब से उक्त हाई मास्क लाईट लगाया गया है उसका लाभ जनता को नहीं मिली है। ऐसे बेकामा हाई मास्क लाईट जो जनता के किसी काम का नहीं, रूपए की बरबादी के सिवाई कुछ नहीं। इसकी गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द विद्युत जोड़ कर उपयोग में लाने को कहा। मौके पर संटू गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, विनय बाघवार, पंकज कुमार, सुरज तिग्गा इत्यादि उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# योजनाओं का लाभ आमजनों को मिल रहा है : रावेल लकड़ा

मेट्रो रेज संवाददाता

**ठेठईटांगरः** प्रखंड अंतर्गत ताराबोगा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार अपके द्वार कार्यकर्म का अयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज जिप सदस्य अजय एक्का उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करके कार्यकर्म का शुरूवात किया। मौके पर मौजूद *जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि* इस जनता दरबार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच पहुंचकर उनका सरकारी योजनाओं का लाभ देना है।हमारे झारखंड सरकार की यह उपलब्धि है की चौथी बार हमारी सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है।इस विशेष शिविर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड के लोकप्रिय माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतत्व में सरकार राज्य में जब से आया है तभी से यह कार्यक्रम राज्य के सभी जिला एवं प्रखंड एवं पंचायत पंचायत में महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना,किसान क्रेडिट कार्ड योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,हरा राशन कार्ड,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना,इस तरह के अनेकों योजना



चलाया जा रहा है माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी और माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन प्रदेश की जनता के लिए सदैव चिंतित रहते हैं और उनके विकास के लिए सदैव अग्रसित रहते हैं।सभी ग्रामीणों के समस्या का समाधान करने में लगे हुए हैं *प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा कि* क्षेत्र की जनता को स्वावलंबी बनाना,उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना,गरीबी रेखा से दूर करना,हमारे झारखंड के लोकप्रिय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का मुख्य उद्देश्य है।इस शिविर के माध्यम से सरकार लोगों के द्वार तक खुद चलकर पहुंच रही है। ताकि ग्रामीणों की सभी जरूरतें पूरा किया जा सके।

मौके पर मौजूद आंचल अधिकारी कमलेश उराव प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मुखिया बलदेव सिंह पंचायत समिति सदस्य इशाक डुंगडुंग, कांग्रेस मांडल अध्यक्ष जोन लकड़ा, अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, कोषाध्यक्ष कय्यूम आलम, असजद अफ्रीदी आदि उपस्थित थे।